Need to establish a ?Baagh Anubhav Kendra? in Balaghat, Madhya Pradesh-Laid

श्रीमती भारती पारधी **(बालाघाट) :** मैं सरकार का ध्यान बालाघाट स्थित कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । कान्हा, जो मध्य भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है, न केवल विश्व प्रसिद्ध बाघों के सुरक्षित आवास के रूप में जाना जाता है, बल्कि हमारे राष्ट्रीय गौरव बारहसिंघा को विलुप्ति से बचाने की अद्वितीय सफलता का प्रतीक भी है । यह क्षेत्र हमारी प्राकृतिक विरासत की अमूल्य संपदा है । वर्तमान में कान्हा में एक छोटा वन्यजीव संग्रहालय संचालित है, परंतु 21 वीं सदी की संरक्षण चुनौतियों और आधुनिक शोध आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह अत्यंत अपर्याप्त है । इसलिए मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि बालाघाट में देश का पहला अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय ?बाघ अनुभव केंद्र? स्थापित करने हेतु परियोजना की शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए । यह केंद्र?पहला, बाघ संरक्षण, मानव-वन्यजीव संघर्ष और जलवायु परिवर्तन पर उन्नत शोध का प्रमुख संस्थान बनेगा । दूसरा, अखिल भारतीय बाघ अनुमान 2026 जैसी गतिविधियों के लिए वैज्ञानिक निगरानी और डेटा प्रबंधन को सुदृढ़ करेगा । तीसरा, जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजित करेगा और अर्थव्यवस्था को गति देगा । यह परियोजना केवल पर्यटन नहीं, बल्कि हमारी प्राकृतिक धरोहर के दीर्घकालिक संरक्षण का निवेश है ।